This question paper contains **15** printed pages]

आपका अनुक्रमांक.........................

**7549**

**B.A . (Programme)/I** **E-II**

HINDI LANGUAGE (B)—Paper I

हिंदी भाषा (ख)–प्रश्न-पत्र I

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 100

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

1. किन्हीं **दो** अनुच्छेदों के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

10+10=20

(क) शरीर के रंग में भेद होने से आदमी को आदमी न समझना सबसे बड़ा जंगलीपन है। वास्तव में जो लोग जंगल में रहते हैं, वे इन तथाकथित सभ्य लोगों से अधिक सुसंस्कृत होते हैं। वन्य समाजों में रंगभेद की

धारणा शायद ही कहीं पाई जाती हो। उनमें और बहुत-सी कमियाँ होती हैं पर उनमें रंगभेद नहीं होता। रंगभेद का संस्कार पुराना है परन्तु उसका प्रसार गुलामी की प्रथा के साथ हुआ है। अंग्रेज़ गुलामों के व्यापार में यूरोप की दूसरी जातियों से पिछड़े हुए थे। फिर वे सबसे आगे बढ़ गए और रंगभेद के प्रसार में भी उन्हीं की भूमिका निर्णायक रही। अंग्रेजों के साथ यहाँ उनके वंशज अमरीकियों को भी गिन लेना चाहिए।

(*i*) पाठ का शीर्षक एवं इसके रचनाकार का नाम लिखिए।

(*ii*) लेखक ने तथाकथित सभ्य लोग किसे कहा है ?

(*iii*) लेखक के अनुसार सबसे बड़ा जंगलीपन क्या है ?

(*iv*) रंगभेद के प्रसार में किसकी निर्णायक भूमिका

(ख) नैतिकता की बुनियाद में सत्य और भ्रातृत्व है, नैतिकता एक व्यवहार है–अन्य के प्रति, खासकर जीवों के प्रति। व्यवहार के कई सूक्ष्म स्तर हो सकते हैं, जैसे किसी (जीव) के संबंध में आप मन में क्या भाव रखते हैं। सत्य में कठोरता है, भ्रातृत्व में स्नेह है। भ्रातृत्व के लिए कई शब्द हो सकते हैं, जैसे प्रेम या अहिंसा। गांधी की अहिंसा को हम नहीं लेना चाहते हैं क्योंकि यह एक ऊँचा शब्द है और शब्द की बनावट नकारात्मक है। सत्य या भ्रातृत्व, किसी एक तत्व को लेकर नैतिकता नहीं होती है।..........भ्रातृत्व के लिए और कई शब्द हो सकते थे। बाइबिल का प्रेम शायद बेहतर है। लेकिन सतही अर्थ में प्रेम शब्द का इस्तेमाल बहुत ज्यादा होता है। भारतीय शब्दों में करुणा श्रेष्ठ है।

(*i*) पाठ का शीर्षक एवं इसके रचनाकार का नाम लिखिए।

(*ii*) लेखक के अनुसार नैतिकता क्या है ?

(*iii*) लेखक ने 'अहिंसा' शब्द की बनावट को नकारात्मक क्यों कहा है ?

(*iv*) सत्य और भ्रातृत्व में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

(ग) मेरा एक भावनात्मक लगाव नर्मदा से है। पर ऐतिहासिक और समाजशास्त्रीय दृष्टि भी है। कृषि-युग में पंप नहीं थे, बिजली नहीं थी, ट्यूबवेल नहीं थे। तब नगर नदियों के किनारे बसते थे—पीने का पानी भी, सिंचाई भी, फसल भी और आवागमन का मार्ग भी। तभी से यह श्रद्धा चली आ रही है कि जिसने विनाश कर दिया, उसे भी

बचाव का इंतजाम न हो, यह बात प्राकृतिक मानकर भी शर्मनाक है। आदमी जगह छोड़ेगा नहीं। पर विज्ञान और टेक्नोलॉजी कहाँ चली गई ? जहाँ हर कभी बाढ़ आती है, वहाँ पहले से इंतजाम क्यों नहीं ? आसपास सर्वे क्यों नहीं ? खतरे के स्तर पर पहुँचने पर नीची बस्तियाँ खाली क्यों नहीं करायीं ?

(*i*) नगर नदियों के किनारे क्यों बसते थे ?

(*ii*) वर्तमान में प्राकृतिक आपदा से कैसे निपटा जा सकता है ?

(*iii*) कृषि-युग की क्या विशेषता थी ?

(*iv*) इस गद्यांश के पाठ और रचनाकार का नाम लिखिए।

2. किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10

(*i*) शिवशंभू के बुलबलों के माध्यम से लेखक क्या कहना चाहता है ?

(शिवशंभू के चिट्ठे **बनाम** लॉर्ड कर्जन)

(*ii*) अनुताप किस प्रकार मानव हृदय को उत्तरोत्तर उन्नत करता है ? (अनुताप की महिमा)

(*iii*) लेखक ने कुटज को 'उजाड़ का साथी' और 'गाढ़े का साथी' क्यों कहा है ? (कुटज)

(*iv*) धन्यवाद में छिपी शक्ति पर प्रकाश डालिए।

(शुभकामना : एक जीवन-तत्व)

(*v*) बाढ़ को प्राकृतिक प्रकोप मानकर बैठे रहना कहाँ तक उचित है ? (फिर उसी नर्मदा मैया की जय)

(*vi*) ईश्वर और पुनर्जन्म के विषय में लेखक के क्या विचार

3. ‘परख’ उपन्यास के आधार पर किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 15

(*i*) कट्टो का नाम किसने रखा और क्यों ?

(*ii*) सत्यधन के चरित्र में द्वन्द्व है—स्पष्ट कीजिए।

(*iii*) सत्यधन ने वकालत न करने का फैसला क्यों किया ?

(*iv*) सत्यधन ने कट्टो का विवाह किससे करवाया और क्यों ?

(*v*) बिहारी के चरित्र की **दो** विशेषताएँ लिखिए।

(*vi*) कट्टो और सत्यधन का वैवाहिक जीवन कैसा था ?

(*vii*) अंतिम समय में बिहारी के पिता की सेवा किसने और कैसे की ?

**अथवा**

'दस तसवीरें' पुस्तक के आधार पर किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(*i*) सूबे के गवर्नर ने दीक्षांत समारोह में आने की क्या शर्त रखी ?

(जीवन-निर्माता अध्यापक : अमरनाथ झा)

(*ii*) भारतीय संस्कृति के तत्वों का निर्वाह सुधीन्द्रनाथ दत्त ने कैसे किया ?

(द्रष्टा, कर्ता और कवि : सुधीन्द्र दत्त)

(*iii*) श्रीराम वाजपेयी के व्यक्तित्व में एक अफसर और एक सिपाही के गुण किस रूप में मौजूद थे ?

(किशोर जीवन की मुस्कान ही जिनकी साधना थी

(*iv*) कर्मठ व्यक्ति के लिए जीवन का पथ उतना लम्बा नहीं होता, जितना लक्ष्यहीनों के लिए—अनंत सदाशिव अल्टेकर के व्यक्तित्व के आधार पर उपर्युक्त पंक्ति की सत्यता स्पष्ट कीजिए।

(व्यवहार कुशल और संवेदनशील पंडित : अल्टेकर)

(*v*) 'वृहद वृक्षों की जड़ें धरती के भीतर उतनी ही दूर-दूर तक जाती हैं जितनी उनकी शाखाएँ वायुमंडल में फैलती हैं'—इस पंक्ति के आलोक में अमरनाथ झा के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए।

(जीवन-निर्माता अध्यापक : अमरनाथ झा)

(*vi*) बाँसुरीवादन के क्षेत्र में श्री पन्नालाल घोष का क्या योगदान है ?

(*vii*) पीयर्स के विचार में शिक्षक की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(आस्थावान अंग्रेज शिक्षक : एफ. जी. पीयर्स)

4. (क) किसी **एक** का पल्लवन कीजिए : 5

(*i*) सुनिए सबकी, करिए मन की।

(*ii*) परिश्रम ही सफलता की कुंजी है।

(*iii*) पराधीन सपनेहुँ सुख नाहीं।

(ख) निम्नलिखित अनुच्छेद का शीर्षक बताते हुए संक्षेपण कीजिए : 5

यह उस समय की बात है जब राष्ट्र में धीरे-धीरे प्रभात वेला-सी छाने लगी थी। किन्तु इस समय तक एक भाषा न होने के कारण समस्त देश का संगठन दुर्लभ-सा

प्रतीत होने लगा। फिर भी कबीर, तुलसी, सूर, चैतन्य महाप्रभु, नानक आदि महापुरुषों ने विभिन्न भाषाओं का आश्रय लेकर देश में सामाजिक एवं जातीय संगठन का सूत्रपात किया। विदेशियों के अत्याचार, पक्षपात और उनकी निष्ठुरता अपनी चरम सीमा पर पहुँच चुकी थी। तब महापुरुषों ने त्रस्त हिंदू जनता की अपने साहित्य द्वारा रक्षा की। युगों से चली आई संकीर्ण भावनाओं को दूर किया। तुलसी ने रामचरितमानस के अंतर्गत रामकथा के रूपक द्वारा जनता को एक सूत्र में बाँधने तथा आततायियों को समूल नष्ट करने का पाठ पढ़ाया। शक्तिशाली राम, भरत जनता के सुख-दुख के साथी बने। विनाश के कगार पर खड़ी हिंदू जनता को रामचरितमानस ने बल दिया।

**अथवा**

अखबारी हिंदी की विशेषताएँ लिखिए।

5. किसी **एक** विषय पर विचार कीजिए : 8

(*i*) वैश्वीकरण और हमारी संस्कृति;

(*ii*) शहरीकरण की समस्याएँ;

(*iii*) दिल्ली में ट्रैफिक।

6. किसी **एक** स्थिति/घटना का चित्रण कीजिए : 7

(*i*) कॉलेज की सांस्कृतिक शाम;

(*ii*) सुबह की सैर।

7. (क) कोश की परिभाषा देते हुए उसके **दो** प्रकारों के नाम लिखिए। 5

(ख) निम्नलिखित शब्दों को वर्णक्रमानुसार लिखिए : 5

अक्षर, आकाश, मृदंग, झरना, पर्वत, आकांक्षा, दिनांक, विषय, भुजंग, संयम

8. (क) कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार किन्हीं **चार** वाक्यों का रूपांतरण कीजिए : 4

(*i*) जहाँ बड़ी सी नहर है, वहीं हमारा घर है। (मिश्र वाक्य)

(*ii*) उसने घर चलने की सोची। (संयुक्त वाक्य)

(*iii*) चोर पकड़ा जाएगा। (प्रश्नवाचक)

(*iv*) सिनेमा हॉल में बहुत दर्शक थे। (निषेधवाचक)

(*v*) जैसे ही हम घर से बाहर निकले बारिश होने लगी। (संयुक्त वाक्य)

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** का वाच्य परिवर्तन कीजिए : 4

(*i*) कमला गाना गाती है। (कर्मवाच्य)

(*ii*) रामचरितमानस तुलसीदास द्वारा लिखी गई है। (कर्तृवाच्य)

(*iii*) मैं चल नहीं पाता। (भाववाच्य)

(*iv*) बच्चे से दौड़ा जाता है। (कर्तृवाच्य)

(*v*) विपिन ने चित्र बनाया। (कर्मवाच्य)

(ग) निम्नलिखित के परिवर्णी (पूर्णरूप) लिखिए : 4

(*i*) ए.ए.पी.

(*ii*) दि.न.नि.

(*iii*) डी.डी.ए.

(घ) निम्नलिखित सामासिक शब्दों को स्पष्ट कीजिए : 4

(*i*) ऋणमुक्त;

(*ii*) गृहप्रवेश;

(*iii*) यथासंभव;

(*iv*) हस्तलिखित।

(ङ) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** शब्दों के **दो-दो** पर्यायवाची लिखिए : 4

पर्वत, आकाश, पानी, औरत, कमल, आँख, नदी, आग।